दिनांकः 20.05.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ग्राम विकास चौपाल की कड़ी में आज बांसवाड़ा पहुंचेंगे। श्री शर्मा चुड़ादा गांव में रात्रि चौपाल में ग्रामीणों के साथ संवाद करेंगे। वहीं कल सुबह गांव का पैदल भ्रमण कर लोगों से बातचीत करेंगे। गौरतलब है कि ग्राम विकास चौपालों के माध्यम से मुख्यमंत्री ग्रामीणों से सीधा संवाद कर रहे हैं। साथ ही सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में फीडबैक भी ले रहे हैं। मुख्यमंत्री का कल डूंगरपुर पहुंचने का कार्यक्रम है। वे चौरासी क्षेत्र के धंबोला गांव में ग्राम विकास चौपाल करेंगे।

....

खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग के सचिव अम्बरीश कुमार ने लोगों से घबराहट में पेट्रोल–डीजल की खरीद और भंडारण नहीं करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि राज्य में पेट्रोल–डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। लोगों को अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ईंधन की बढ़ती मांग के बावजूद पर्याप्त स्टॉक है और आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनी हुई है।

....

राज्य में सहकारिता उपभोक्ता भंडार और क्रय–विक्रय सहकारी समितियों की ओर से चलाये जा रहे सभी दवा बिक्री केन्द्र और प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र आज खुले हैं। ये केन्द्र सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक खुले रहेंगे। सहकारिता विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि प्रदेशभर में कुल 538 दवा केन्द्र संचालित हैं, जिन पर लगभग 2 हजार तरह की दवाईयां उपलब्ध हैं। वहीं ऑल इंडिया आर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट के आह्वान पर कई स्थानों पर मेडिकल स्टोर बंद रखे गये हैं। एसोसिएशन ने ऑनलाइन दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर ये बंद रखा है।

....

जयपुर में जीएसटी चोरी और फर्जी बिल मामले में वाणिज्यिक कर विभाग की प्रवर्तन शाखा ने बड़ी कार्यवाही की है। सघन जांच के दौरान अवैध आईटीसी के जरिये करीब साढे 13 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी के आरोप में मुरलीपुरा निवासी नितेश कुमार सिंघल को गिरफ्तार किया गया है। उसने विभिन्न फर्मों के जरिये फर्जी बिलिंग कर जीएसटी चोरी की थी।

....

प्रदेश में प्री डी एल एड परीक्षा कड़ी सुरक्षा और एआई आधारित निगरानी के बीच ली जा रही है। दो पारियों में हो रही इस परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को सघन जांच के बाद प्रवेश दिया गया। सभी केन्द्रों की लाइव फीड जयपुर स्थित कमांड सेंटर तक पहुंच रही है, जहां आईटी और एआई विशेषज्ञ रियल टाइम निगरानी कर रहे हैं।

....

परमवीर चक्र से सम्मानित हवलदार मेजर पीरू सिंह की जयंती आज श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर झुंझुनूं स्थित उनके स्मारक स्थल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों और नागरिकों ने मां भारती के वीर सपूत को नमन किया।

गौरतलब है कि 1948 में जम्मू–कश्मीर में दुश्मनों का सामना करते हुए हवलदार पीरू सिंह ने असाधारण वीरता का परिचय दिया था। दुश्मनों की चौकियों को ध्वस्त करते हुए वे गंभीर रूप से घायल होकर वीरगति को प्राप्त हुए। उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

....

प्रदेश में भीषण गर्मी और गर्म हवाएं लोगों को परेशान कर रही है। दिन के साथ ही रातें भी काफी गर्म हो गई हैं। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए लू का दौर जारी रहने की

चेतावनी दी है। दो जिलों में हीटवेव का ऑरेंज और 14 में येलो अलर्ट बताया गया है। कल चित्तौड़गढ़ 46 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे गर्म रहा। इसके अलावा श्रीगंगानगर, अलवर, पिलानी में भी पारा 45 डिग्री से ऊपर रहा। राजधानी जयपुर, फलौदी, चित्तौड़गढ़ और कोटा में रात का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस मापा गया। सिरोही को छोड़कर लगभग सभी जिलों में दिन का तापमान 40 से 47 डिग्री सेल्सियस के बीच मापा गया।

....

नई दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय में आज से आगंतुक महात्मा गांधी के एआई आधारित थ्री–डी अवतार से बातचीत कर सकेंगे। आधुनिक तकनीक से तैयार यह थ्री–डी अवतार बापू के विचारों और व्यक्तित्व को जीवंत रूप में प्रस्तुत करेगा। यह संग्रहालय का तीसरा एआई आधारित इंटरएक्टिव होलोबॉक्स होगा।

इससे पहले संग्रहालय में सरदार वल्लभभाई पटेल और पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के एआई होलोबॉक्स भी शुरू किए जा चुके हैं।

....